आकाशवाणी केन्द्र शिमला

06.01.2025 / प्रादेशिक समाचार / 18.00 बजे

मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंदर सुक्खू ने कहा है कि राज्य सरकार प्रदेश के पर्यटन क्षेत्र में अधोसंरचना निर्माण व सुदृढ़ीकरण पर आने वाले समय में 2 हजार 4 सौ 15 करोड़ रुपये खर्च करेगी। आज शिमला में पर्यटन विभाग की विभिन्न परियोजनाओं की समीक्षा करते हुए उन्होंने कहा कि राज्य सरकार विभिन्न पर्यटन परियोजनाओं को निर्धारित समय में पूरा करने को प्राथमिकता दे रही है ताकि पर्यटकों को विश्व स्तरीय सुविधाएं प्रदान की जा सकें। मुख्यमंत्री ने कहा कि मंडी जिला में बनने वाले शिवधाम पर एक सौ 50 करोड़ 27 लाख रुपये और हमीरपुर जिला के बाबा बालक नाथ मन्दिर के सौन्दर्यीकरण पर 51 करोड 70 लाख़ रुपये खर्च किए जाएंगे।

राज्यपाल

राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने आज राजभवन शिमला में आयोजित बॉर्डर एरिया यूथ एक्सचेंज कार्यक्रम की अध्यक्षता की। इस अवसर पर राज्यपाल ने नेहरू युवा केंद्र संगठन की सराहना करते हुए कहा कि यह संगठन युवाओं को सशक्त करने और उनमें राष्ट्रीय एकता की भावना को जागृत करने में अहम भूमिका निभा रहा है। राज्यपाल ने कहा कि यह कार्यक्रम एक अनूठा मंच है जिसके माध्यम से न केवल सीमावर्ती क्षेत्र के युवा एकसाथ आते हैं बल्कि सांस्कृतिक दूरियां भी घटती हैं, जिससे एकता और राष्ट्रीय गौरव की भावना को और अधिक बल मिलता है।

पंचायत से संसद

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने आज नई दिल्ली में 'पंचायत से संसद' कार्यक्रम के दूसरे चरण का उद्घाटन किया। इस कार्यक्रम में 20 राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों की पंचायतीराज संस्थाओं से चुनी गई करीब 5 सौ महिला प्रतिनिधि भाग ले रही हैं। इसका उद्देश्य पंचायतीराज संस्थाओं की अनुसूचित जनजातियों से चुनी गई महिला प्रतिनिधियों को सशक्त बनाना और उन्हें संवैधानिक प्रबंधों के बारे में जानकारी देना है। इस अवसर पर ओम बिरला ने कहा कि पंचायती राज संस्थाएं गांवों के विकास की दिशा में काम कर रही हैं और आत्मनिर्भर भारत के दृष्टिकोण को साकार कर रही हैं।

विक्रमादित्य सिंह

लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने कहा है कि शिमला सहित प्रदेश के अन्य शहरों के विकास के लिए सरकार लगातार प्रयास कर रही है। आज शिमला के मिडल बाजार में स्मार्ट सिटी मिशन के तहन बनी लिफ्ट का लोकार्पण करने के बाद जनसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि यह लिफ्ट काफी महत्वपूर्ण हैं और वरिष्ठ नागरिकों और पर्यटकों को इससे काफी सुविधा मिलेगी। उन्होंने कहा कि आगामी कुछ महीनों के भीतर शहर के विभिन्न स्थानों पर बन रही पार्किंग भी लोगों को समर्पित कर दी जाएंगी।

चंद्र कुमार

कृषि व पशुपालन मंत्री चंद्र कुमार ने अधिकारियों को सरकार की विकासात्मक व कल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन में तेजी लाने के निर्देश दिए हैं ताकि इनका आम जनता को लाभ मिल सकें। वे आज ज्वाली में उपमंडल के सभी विभागीय अध्यक्षों के साथ विकास कार्यों की प्रगति को लेकर आयोजित समीक्षा बैठक के दौरान बोल रहे थे।

मौसम

प्रदेश के उंचाई वाले इलाकों में आज दोपहर से हल्की बर्फबारी जबकि अन्य क्षेत्रों में बूंदाबांदी हो रही है जिससे शीतलहर बढ़ गई है। कुल्लू जिला की ऊंची चोटियों सहित रोहतांग दर्रे और अटल टनल धुंधी, सोलंग नाला व कोठी में हल्का हिमपात हो रहा है जिसका पर्यटकों ने भरपूर आनंद लिया। शिमला जिला के प्रसिद्ध पर्यटक स्थल कुफरी व नारकंडा में हल्की बर्फबारी जबकि राजधानी शिमला में हल्की वर्षा हो रही है। मौसम विभाग ने पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने के चलते आज उंचाई वाले इलाकों में बर्फबारी व अन्य क्षेत्रों में वर्षा की संभावना जताई है। विभाग कल से प्रदेश में मौसम के साफ रहने की संभावना जताई है।

---

---